आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1845 बुधवार 08.10.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में इकतीस अक्टूबर तक पंजीयन कराना अनिवार्य।

2— नारायणपुर जिले में आज सात महिला सहित सोलह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

3— राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कोरबा जिले की लखनी साहू को "माई भारत एनएसएस राष्ट्रीय पुरस्कार" से किया सम्मानित।

4— सक्ती जिले में संचालित एक निजी पावर प्लांट में लिफ्ट गिरने से तीन मजदूरों की मौत—सात अन्य घायल।

एग्रीस्टैक पोर्टल—पंजीयन

खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार चालू खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा है कि किसान इकतीस अक्टूबर तक एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पोर्टल से संबंधित जानकारी या सहायता के लिए टोल फ्री नंबर – एक आठ शून्य शून्य – दो तीन तीन – एक शून्य तीन शून्य (1800—233—1030) पर संपर्क कर सकते हैं। एग्रीस्टैक पोर्टल केन्द्र सरकार द्वारा विकसित एक यूनिफाइड एग्रीकल्चर डेटाबेस है, जिसमें किसानों का भूमि और आधार लिंक्ड पंजीयन किया जाता है।

राज्योत्सव

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की पच्चीसवीं रजत जयंती वर्ष के अवसर पर एक से पांच नवंबर तक नवा रायपुर में राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं, जिला स्तर पर तीन दिनों का राज्योत्सव होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि राज्योत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नये विधानसभा भवन और जनजातीय संग्रहालय का भी लोकार्पण करेंगे।

जनजातीय गौरव दिवस—कार्यशाला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यशाला में शामिल हुए। इस दौरान श्री साय ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिरसा मुंडा की जयंती पंद्रह नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में भी इस वर्ष यह दिवस गरिमामय रूप से मनाया जाएगा।

जीएसटी—बैठक

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी की अध्यक्षता में नवा रायपुर में राज्य कर जीएसटी विभाग की बैठक हुई। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी टू प्वॉइंट ओ के तहत टैक्स दरों में की गई कमी का लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर चोरी रोकने के लिए संगठित और ठोस प्रयास आवश्यक है।

अरूण साव—अटल परिसर

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जांजगीर—चांपा जिले के चार नगरीय निकायों में तीन करोड़ रूपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित अटल परिसरों का लोकार्पण किया। उन्होंने नवागढ़ में दो करोड़ उनचास लाख रुपए की लागत से बनने वाले एसटीपी का भूमिपूजन भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साव ने बताया कि आने वाले समय में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों की नागरिक सुविधाओं को ऑनलाइन किया जाएगा।

स्कूल–सामाजिक अंकेक्षण

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत छह से आठ अक्टूबर तक राज्य की अंठावन हजार शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने सभी जिला औरं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि सामाजिक अंकेक्षण बच्चों की शिक्षा की वास्तविक स्थिति जानने और उसे सुधारने का अवसर है। इस अभियान का उद्देश्य स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के घटकों का क्रियान्वयन कर बच्चों की सीखने की क्षमता में सुधार लाना है। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान समुदाय से बीस प्रश्नों पर जानकारी एकत्र की गई।

एनटीए–पंजीकरण प्रक्रिया

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट दिसंबर दो हजार पच्चीस के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक द्वारा इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। पात्र उम्मीदवारों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान करने और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने तथा पचासी विषयों में पीएचडी में दाखिले के लिए परीक्षा का आयोजन होगा।

माओवादी–आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में आज सात महिला सहित सोलह माओवादियों ने पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि इनमें से दस माओवादियों पर इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पित माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पचास–पचास हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

लखनी साहू–राष्ट्रीय पुरस्कार

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की लखनी साहू को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने "माई भारत एनएसएस राष्ट्रीय पुरस्कार" से सम्मानित किया है। लखनी साहू विश्वेश्वरैया इंजीनियरिंग कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना–एनएसएस की स्वयंसेविका हैं।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लखनी साहू को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी उपलब्धि प्रदेश के युवाओं को देश सेवा और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

प्लांट हादसा–मौत

सक्ती जिले के डभरा स्थित उच्चपिंडा में संचालित एक निजी पावर प्लांट में लिफ्ट गिरने से तीन मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि, सात अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे सक्ती संवाददाता प्रकाश साहू।

मौसम

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञानी डॉक्टर गायत्री ने बताया कि दक्षिण छत्तीसगढ़ से लेकर मन्नार की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों में दक्षिण छत्तीसगढ़ में वर्षा होने के आसार हैं।

संक्षिप्त समाचार

– भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वायुसेना के जांबाज योद्धाओं और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में इसरो अहमदाबाद केंद्र के निदेशक डॉक्टर एन.एम. देसाई के नेतृत्व में अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर इसरो अहमदाबाद केंद्र के निदेशक डॉ. एन. एम. देसाई ने मुख्यमंत्री को इसरो द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी।

– अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों के लिए कोंडागांव जिला प्रशासन द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज में पंद्रह अक्टूबर से निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण और आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

– जल जीवन मिशन के तहत पंचानवे प्रतिशत काम पूरा कर रायपुर जिले ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। जिले में मिशन के अंतर्गत शामिल चार सौ सतहत्तर में से दो सौ सैतालीस गांवों में जल आपूर्ति शुरू की जा चुकी है।

– महासमुंद जिले में जामपाली के पास बीती रात हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

– ऑपरेशन आघात के तहत जशपुर पुलिस ने आगडीह के पास एक ट्रक से बाईस लाख रूपये से अधिक कीमत की तीन हजार आठ सौ पच्चीस लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>